# घरेलू उत्पादों के भारतीय बाजार में यूपी के उभरते हुए अवसर

**भारत के सबसे बड़े एवं प्रसिद्ध हस्तकला केन्द्र, जिन्होंने अपने अनोखे उत्पादों से विश्व के होम डेकोर, होम टेक्सटाइल्स एवं हाउसवेयर बाजारों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है, उत्तर प्रदेश में स्थित है**

HGH INDIA 2019
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE

संवाददाता

**लखनऊ।** राज्य की राजधानी होने के साथ-साथ लखनऊ अपने विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोग्राम के साथ एक मिनी मेट्रो बनकर उत्तर प्रदेश का विकास केंद्र बन रहा है। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे ज्यादा आबादी वाला प्रदेश हैं शहर की सुशिक्षित एवं उच्चाकंक्षित युवाओं की बढ़ती जनसंख्या के साथ यहॉ की जीवनशैली बदल रही है। इस कारण से यहॉ पर घरेलू उत्पादो की मांग लगातार बढ़ रही है। लखनऊ भारत में उभरते रिटेल मार्कंट में से एक है। 6 मार्च को लखनऊ में पत्रकारो से बातचीत करते हुए एचजीएच इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण रुँगटा ने लखनऊ एवं यूपीके उपलब्ध अवसरों की समीक्षा की। भारत के सबसे बडे.एवं प्रसिद्ध हस्तकला केन्द्र, जिन्होनें अपने अनोखे उत्पादों से विश्व के होम डेकोर, होम टेक्सटाइल्स एवं हाउसवेयर बाजारों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है, उत्तर प्रदेश में स्थित है। लखनऊ की चिकनकारी, मुरादाबाद का ब्रास मेटल वर्क, सहारनपुर की लकड़ी पर नक्काशी, फिरोजाबाद की के कॉच के सामान, भदोही के हस्तनिर्मित गलीचे कानपुर के चमड़े के उत्पाद तथा आगरा का संगमरमर के सामान पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। हालांकि यूपी के इन सभी हस्त कला केंद्रों ने विश्व में अपना स्थान बनाया है, वह अपने ही देश के तेजी से उभरते अवसरों की सुनियोजित ढंग से उपयोग नहीं कर सके। अरुण रुँगटा ने बताया कि आज भारत 25 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ता हुआ घरेलू उत्पादों के लिए विश्व के सबसे बड़े बाजारों में से एक है, दुनिया भर के सभी बड़े ब्रांड और उत्पादक आज भारत को अपने सबसे बड़े तीन महत्वपूर्ण बाजारों में से एक मानते हैं, फिर भारतीय निर्यातक इन अवसरों का लाभ लेकर भारत में अपने ब्रांड क्यों नहीं स्थापित कर सकते। उत्तर प्रदेश को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। संवाददाताओं के साथ बातचीत में श्री रूँगटा ने कहा कि देश की 10 करोड़ मध्यमवर्गीय आबादी टियर 2 शहरों में रहती है। इसलिए ये शहर बड़े रिटेलर्स के लिए महत्तवपूर्ण लक्ष्य बन गए हैं। घरेलू सामान केवल बड़े शहरों में नहीं बल्कि लखनऊ जैसे उभरते शहरों में भी उपभोक्ताओं के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। उहोने कहा कि उत्तर प्रदेश खासकर लखनऊ के रिटेलर्स एवं होल सेल इन क्षेत्रों की विश्व स्तरीय एवं नवीनतम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एचजीएच इंडिया से अपनी व्यावसायिक खरीदारी कर सकते हैं। हम उत्तर प्रदेश के सर्वोत्तम उत्पादों को देशभर के रिटेलर्स एवं होलसेर्ल तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एच जी एच इंडिया जैसे व्यापार मेला राज्य के उत्पादों को देश और दुनिया भर के व्यापारिक खरीदारों तक पहुंचाने का सुनहरा अवसर है। हम व्यापारियों एवं उत्पादकों को मुंबई में 2 से 4 जुलाई 2019 को आयोजित एसजीएच इंडिया के आठवीं वार्षिक संस्करण में आमंत्रित करते हैं, जिससे उन्हें निश्चित ही लाभ होगा।

रोज की खबर, लखनऊ, 07 मार्च 2019